23/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार आतंकवाद या अशांति फैलाने वाले माओवादी तत्वों के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। आज नई दिल्ली में **राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट** का उद्घाटन करते हुए, श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने निवेशकों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह किया और कहा कि पूर्वोत्तर अब अवसरों की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईस्ट का मतलब है - एमपावर, एक्ट, स्ट्रेंगथन एण्ड ट्रांस्फॉरम। उन्होंने बताया कि एक समय था जब पूर्वोत्तर को केवल सीमांत क्षेत्र कहा जाता था, लेकिन यह विकास के अग्रणी क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

**Byte by PM**

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है। श्री शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और सशस्त्र बलों की मारक क्षमता के अद्भुत प्रदर्शन को दिया।

आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में महान वीरता और रक्षा की असली ताकत का प्रदर्शन किया है।

0000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया पश्चिमी कम, विविधतापूर्ण, वैश्विक और एशियाई होती जा रही है। डेनमार्क के **कोपेनहेगन** में एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में मंत्री ने कहा कि नई विश्व व्यवस्था की रूपरेखा आकार लेने लगी है। उन्होंने कहा कि दुनिया धीरे-धीरे संतुलन बना रही है। पहलगाम आतंकी हमले पर एक सवाल का जवाब देते हुए डॉ. जयशंकर ने दृढ़ता से कहा कि यह एक आतंकी हमला था, न कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष। उन्होंने विस्तार से बताया कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गरीबी के साथ-साथ आतंकवाद वैश्विक चुनौतियों में सबसे ऊपर है।

0000000000000000000

देशभक्ति और एकता को प्रदर्शित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में, गुरुवार को लोअर दिबांग वैली जिले के मियाओ में लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली। भीषण गर्मी के बीच, इस कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने देश की सेवा में उनके बेजोड़ समर्पण और बलिदान के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करते हुए नारे लगाए।

0000000000000000000

कल ईटानगर के चिम्पू स्थित **एलीट रेसिडेंशियल स्कूल** में ज़ूलोजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान और भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा एलीट रेसिडेंशियल स्कूल के सहयोग से, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस-2025 का आयोजन किया गया। दूरदर्शन से बात करते हुए जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. देवेंद्र कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के महत्व को रेखांकित किया।

00000000000000000000

सियांग जिले के पांगकांग के लोगों द्वारा आज बोलेंग में सियांग अपर मल्टिपर्पस प्रोजेक्ट के लिए महत्वपूर्ण प्रीलिमिनरी फ़िज़िबिलिटी रिपोर्ट शुरू करने के लिए, राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किय गया। समझौता ज्ञापन के अनुसार, तीन वर्षों में 5 करोड़ रुपये का विकास पैकेज शुरू किया जाएगा, जिसकी देखरेख एक नवगठित ग्राम विकास समिति (वीडीसी) करेगी। समझौता ज्ञापन परियोजना की प्रगति के साथ स्थानीय हितधारकों के साथ भविष्य के परामर्श की भी गारंटी देता है, जो स्थानीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए समावेशी योजना और विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **13** जिलों, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, क्रा-दादी, शी-योमी, सियांग, अपर सियंग, लोअर सियांग, दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000

ऑल मोनपा स्टूडेंट्स यूनियन ने आज तवांग के ज़ोम्खांग हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें कक्षा V, VIII, X और XII के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। सरकारी और निजी दोनों संस्थानों से चुने गए छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में, विधायक ने राज्य और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए टॉपर्स और उनके पैरेंट्स को बधाई दी। कड़ी मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

000000000000000000000

निशानेबाजी में ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने जर्मनी में चल रहे ISSF जूनियर विश्व कप में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत अब एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि एड्रियन करमाकर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन श्रेणी में रजत पदक जीता।

000000000000000000000000